आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 25.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- सांसद बिष्णु पद रे ने चाथम–बम्बूफ्लाट के बीच पुल बनाए जाने और सेना से इस संबंध में जरूरी स्वीकृति हासिल करने के संबंध में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।
- उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को राशनकार्ड लाभार्थियों का तुरंत शत–प्रतिशत ई–के वाई सी कराने को कहा गया है।
- शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पोर्ट ब्लेयर में स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया गया।
- कुपोषण मुक्त पंचायत अभियान के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा सभी चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया।
- मालवाहक जहाज़ एम वी चुगलुम एक अगस्त को कैम्पबले–बे जाएगा।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने चाथम–बम्बूफ्लाट के बीच पुल बनाए जाने और सेना से इस संबंध में जरूरी स्वीकृति हासिल करने के संबंध में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री रे ने कहा कि द्वीपवासियों को इस परियोजना को लेकर एन डी ए सरकार से काफी उम्मीदें हैं। रक्षामंत्री ने सांसद को आश्वासन दिया कि वे इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से गौर करते हुए जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क परिवहन मंत्रालय को इसकी सूचना देंगे। इससे पहले श्री बिष्णु पद रे ने राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी हाल ही में मुलाकात की थी और उनसे इस पुल के संबंध में स्वीकृति देने का अनुरोध किया था।

<><><><><><><>

उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को राशनकार्ड लाभार्थियों का तुरंत शत–प्रतिशत ई–के वाई सी कराने को कहा गया है।

इस सिलसिले में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए लाभार्थी, जिन्होंने अब तक ई–के वाई सी नहीं कराए हैं, उन्हें इक्कतीस जुलाई तक अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकानों या संबंधित क्षेत्र के आपूर्ति कार्यालयों से तुरंत ई–के वाई सी कराने को कहा गया है। निर्धारित तिथि के बाद ऐसे बचे हुए लाभार्थियों के नाम बिना किसी और सूचना के हटा दिए जाएंगे। किसी अन्य राज्य, केन्द्रशासित प्रदेशों में कमाने या पढ़ाई के लिए या किसी अन्य कारणों से गए लाभार्थियों के परिवार के सदस्यों से उन्हें संबंधित राज्यों या केन्द्रशासित प्रदेशों के आपूर्ति विभाग में संपर्क करने को कहा गया है, ताकि वे ई–के वाई सी का काम इक्कतीस जुलाई तक पूरा कर सकें।

<><><><><><><>

शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पोर्ट ब्लेयर में स्टार्टअप बूट कैंप का आयोजन किया गया। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में उद्योग विभाग और उच्च शिक्षा संस्थानों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने नई पीढ़ी के लिए पारंपरिक सरकारी नौकरियों के बजाय नवाचार और कारोबारी क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में ऑनलाइन मोड पर कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। डीब्रेट की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. सराबनी मल्लिक ने उद्यम की पहचान, समस्याओं का समाधान करने के लिए इसकी पहचान करने और शिक्षा क्षेत्र में एक सफल स्टार्टअप के लिए जरूरी बातों से उपस्थिति को अवगत कराया। अंडमान कॉमर्स ऑफ चैम्बर और इंडस्ट्री के इब्राहिम जाडवेट के अलावा पांडिचेरी विश्वविद्यालय के एसोसिएएट प्रोफेसर टी. गणेश ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए उद्योग विभाग की सहायक निदेशक एस. सुनीता कुमारी ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। टैगोर कॉलेज के एक सौ तीस विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया।

<><><><><><><>

डीब्रेट में पहली, दूसरी और तीसरी चयनित सूची के सभी शुल्क जमा कर चुके उम्मीदवारों की दस्तावेजों की जांच का कार्य कल सुबह नौ बजे से डीब्रेट के ग्रीन बिल्डिंग सम्मेलन कक्ष में किया जाएगा। इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए बचे हुए सीटों के लिए मौके पर प्रवेश का कार्य सत्ताईस और उनतीस जुलाई को किया जाएगा। जिन उम्मीदवारों ने आवेदन किया है और प्रवेश नहीं मिला है, उन्हें इसमें उपस्थित होने को कहा गया है।

उधर, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफीसिएंसी की ओर से अट्ठाईस और उनतीस सितम्बर को एनर्जी मैनेजर और एनर्जी ऑडिटर के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विवरणिका दिए गए मेल से डाउनलोड किया जा सकता है। इक्कतीस जुलाई की मध्य रात्रि तक ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है।

<><><><><><><>

कुपोषण मुक्त पंचायत अभियान के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा ज़िले के तीनों उप–खंडीय स्तर के सभी चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि कुपोषण को समाप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और ज़िला प्रशासन युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य देखभाल और इसमें सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जरूरी पोषण उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए ज़िला प्रशासन की ओर से एस ओ पी भी तैयार किया गया है। इसमें विभिन्न हितधारकों की भूमिका और उनकी जिम्मेदारियां तय की गई है। सतही स्तर पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए पंचायतों और जन प्रतिनिधियों की भूमिका पर भी जोर दिया गया है। पंचायत स्तर पर इस अभियान की निगरानी और आंकलन का कार्य भी किया जाएगा। ज़िला प्रशासन की ओर से करीब दो हजार पोषण सामग्रियों का प्रबंध किया गया है। आगामी तीन महीनों तक प्रत्येक महीने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चिन्हित बच्चों को पोषण सामग्रियां वितरित करने के लिए साढ़े छः सौ पोषण किट का वितरण किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा ज़िला प्रशासन द्वारा अभियान की समाप्ति पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पंचायतों को भी सम्मानित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के सभी बच्चों के पोषण में सुधार आएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभिन्न लाभोन्मुखी गतिविधियों के तहत रियायत पाने के लिए संबंधित लोगों से आवेदन करने को कहा गया है।

मत्स्य कृषक, मछुआरें, मत्स्य कार्यकर्ता, मत्स्य विक्रेता के अलावा मत्स्यकी विकास निगम, स्वयं सहायता समूह, मत्स्य सहकारी समितियां, परिसंघ, उद्यमी, निजी कम्पनी जैसे विभिन्न योग्य उम्मीदवार रियायत के लिए अंचल मत्स्य कार्यालय या नजदीकी मत्स्य अवतरण केन्द्रों या उप–केन्द्रों से और विवरण प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन दक्षिण अंडमान के अंचल मत्स्य कार्यालय या नजदीकी मत्स्य उप–केन्द्रों में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

युवाओं को सशक्त बनाने के एक सक्रिय प्रयास में बिल्लीग्राउंड पुलिस थाना की ओर से कल साइबर अपराध, सडक सुरक्षा और नशीली दवाओं के दुरूपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बिल्लीग्राउंड, शांतीपुर, शिवपुरम् और पद्मानाभपुरम् के विद्यालयों में आयोजित की गई। बिल्लीग्राउंड पुलिस थाने के अधिकारियों ने ऑनलाइन सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज़ एम वी चुगलुम एक अगस्त को कार निकोबार, चौरा, तरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल–बे जाएगा। माल की बुकिंग आज सुबह नौ बजे से बारह बजे के बीच की जाएगी। जहाज़ पर माल चढ़ाने का कार्य उनतीस जुलाई से किया जाएगा।

<><><><><><><>

विश्व धरोहर समिति के छियालीसवें सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत सरकार, अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूॅर ऑपरेटर्स और जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सहयोग से हैरीटेज वॉक का आयोजन किया गया। वॉक सेल्युलर जेल से शुरू होकर अंडमान क्लब पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में भारत पर्यटन के सहायक निदेशक रामाकृष्णा, आटो के अध्यक्ष एम. विनोद और जे एन आर एम के छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आटो के अध्यक्ष ने छात्रों को ऐतिहाासिक विरासत के महत्व के बारे में जानकारी दी और उनसे विरासत को संरक्षित करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

अपराध और आर्थिक अपराध थाना की टीम ने लम्बा लाईन में पुराने हवाई अड्डे के पास छापा मारकर पांच किलो से अधिक गांजा ज़ब्त किया है और इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गिरीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारा और कार्तिक मिस्त्री, और पी. उमर नामक दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान निप्पिन सरकार नामक एक और व्यक्ति के इसमें शामिल होने का खुलासा हुआ और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को कुल पांच किलो सात सौ सत्तर ग्राम गांजा इनसे मिला।

<><><><><><><>